कार्यालय, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / 2024 /

लखनऊ:दिनांक 26 जुलाई,2024

यू0पी0 नीट एम0डी0एस0–2024 के अन्तर्गत प्रथम चक की ऑन लाईन कांउसिलिंग से प्रवेशित अभ्यर्थियों द्वारा त्याग–पत्र दिये जाने के संबंध में आवश्यक सूचना

यू0पी0 नीट पी0जी0–2024 हेतु नीति निर्धारण विषयक शासनादेश संख्या–I/687326/2024 दिनांक 09.07.2024 एवं ब्रोशर में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत राजकीय एवं निजी क्षेत्र में एम0डी0एस0 पाठ्यक्रमों में प्रथम चक की कांउसिलिंग से आवंटन प्राप्त ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने आवंटित सीट पर प्रवेश प्राप्त कर लिया है, तत्पश्चात् वह प्रवेशित सीट से त्यागपत्र देना चाहते है, तो ऐसे अभ्यर्थी दिनांक 01.08.2024 की पूर्वान्ह 11:00 बजे तक प्रवेशित सीट से संबंधित नोडल सेन्टर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर त्यागपत्र दे सकते है।

नीट एम0डी0एस0–2024 कांउसिलिंग संबंधी समस्त अद्यतन सूचनाओं के लिये विभागीय वेबसाइट ***https://upneet.gov.in*** एवं ***www.dgme.up.gov.in*** पर निरन्तर अवलोकन करते रहें।

कृते महानिदेशक

संख्या–एम0ई0–3 / 2024 / 1484 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4
2. रजिस्ट्रार, के0जी0एम0यू0, लखनऊ / उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, निदेशक, डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल सांइसेज, लखनऊ, / जिम्स ग्रेटर नोयडा, समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज उ0प्र0, तथा समस्त प्रधानाचार्य, निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेज / संस्थान / विश्वविद्यालय उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड तथा वेबसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करे।
3. समस्त प्रधानाचार्य / नोडल अधिकारी, यू0पी0 नीट एम0डी0एस0–2024 को इस आशय से प्रेषित कि इच्छुक अभ्यर्थियों से त्याग–पत्र स्वीकार कर सूचना एन0आई0सी0 के पोर्टल पर प्रत्येक दिन अपडेट कराये जाने का कष्ट करें।
4. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त विज्ञप्ति को विभाग की वेबसाईट ***https://upneet.gov.in*** पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
5. समस्त सदस्य कांउसिलिंग बोर्ड, यू0पी0 नीट पी0जी0–2024
6. प्रभारी अधिकारी, छात्रसेल अनुभाग, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
7. भारतीय स्टेट बैंक, जवाहर भवन / आई0सी0सी0आई0बैंक, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
8. शिविर सहायक, महानिदेशक महोदया।

कृते महानिदेशक